दिनांक 10 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त सुंदरानी ने किया छावनी ट्रांसपोर्ट नगर , तेलहा नाला ,मुख्य केनाल, नहर, नाला का निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज सुबह-सुबह जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मुख्य नहर नाला/केनाल आदि का निरीक्षण किया! निगमायुक्त सुंदरानी ने कई दफा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की मुख्य नहर , नाली, केनाल, नाला जैसे जल प्रवाह के स्रोत को साफ सफाई कर व्यवस्थित करें ताकि बड़े जल स्रोत बांध से पानी छोड़े जाने पर जल प्रवाह की गति में किसी प्रकार की लापरवाही न हो , ग्रीष्म कालीन अवधि को देखते हुए सभी जल स्रोतों में पानी के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो एवं ऐसे स्थान जिसमें पानी की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है उन स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था प्रदाय करें!